# जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए जल जीवन यात्रा होगी

**डूंगरपुर**, (नि.सं.)। जल है तो कल है, जल ही जीवन है, संदेश के साथ जल के महत्व को समझाने के लिए हृदय संस्थान पूरे प्रदेश में जल जीवन यात्रा का आयोजन करने जा रहा है।

यात्रा हृदय संस्थान के संस्थापक व नगर परिषद डूंगरपुर के पार्षद ब्रिजेश कुमार सोमपुरा के नेतृत्व में राजस्थान के सभी 50 जिलो में होकर निकलेगी। विश्व जल दिवस के अवसर पर कार्यत्रम की घोषणा करते हुए हृदय संस्थान सचिव नीता भारतीय ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से 75 दिवसीय जल जीवन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के अन्तर्गत केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल शक्ति अभियान तथा जल जीवन मिशन के प्रति आमजन को जागरूक किया जायेगा। 30 मार्च तक यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया जायेगा। जल जीवन यात्रा प्रदेश के सभी नवघोषित 50 जिलो से होकर गुजरेंगी। यात्रा का पूर्ण आयोजन पंचायती राज संस्थानों व नगर निकायों के सहयोग तथा जनभागीदारी से किया जाएगा। पार्षद सोमपुरा ने बताया कि हमारे दैनिक जीवन में जल का बहुत महत्व है। जल के बिना किसी भी प्राणी के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। रोजमर्रा के जीवन में हम अपनी छोटी-छोटी आदतों में सुधार करके बहुत सारा जल बचा सकते है। जल संरक्षण आज की जरूरत भी है और हमारा कर्तव्य भी है। जल जीवन यात्रा के माध्यम से आमजन को जल बचाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

ऐसे देंगे संदेशः-जल जीवन यात्रा के लिए एक जागरूकता रथ तैयार किया गया है। जिस पर जल संरक्षण के संदेश व जल बचाने के तरीके लिखे हुए है। यात्रा के दौरान पार्षद सोमपुरा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जायेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार-प्रसार के लिए पैम्पलेट वितरित किये जाएंगे। लाउड स्पीकर के माध्यम से जल संरक्षण की अपील की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता कार्यत्रमों का आयोजन किया जायेगा। आमजन को जल बचाने की शपथ दिलवाई जाएगी। समाजसेवा में सत्रिय सोमपुरा दंपति सोमपुरा दंपति ने साल 2012 में हृदय संस्थान एनजीओ की स्थापना की। तब से अब तक बिना किसी सरकारी फंड के केवल जनभागीदारी से ही समाजसेवा के कार्यो को आगे बढा कर रहे है। दंपति राजस्थान और गुजरात के सभी 33 जिलो में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान की अलख जगा चुके है। अभियान के लिए दंपति ने प्लॉट बेच दिया था। संस्थान के माध्यम से दंपति पिछले दस वर्षो में 300 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम कर चुके है तथा 39 बाल विवाह रूकवाए है।

## हिंदू नववर्ष का स्वागत किया

**राजसमंद**, (नि.सं.)। गांधी सेवा सदन विद्यालय के विद्यार्थियों ने समारोह पूर्वक हिन्दू नव वर्ष मनाया एवं मिश्री काली मिर्च एवं नीम पत्ती खिलाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर संस्था के संयुक्त मंत्री राजकुमार दक ने विद्यार्थियों को एक अच्छे नागरिक बनकर अपना, परिवार व विद्यालय के साथ समाज का गौरव बढाने का सद्संकल्प दिलाया। साथ ही नशामुक्त जीवन जीने एवं बडों के प्रति आदरभाव रखते हुए सभी को सम्मान देने की प्रेरणा दी ।

संस्था प्रधान शिवकुमार जादौन ने नववर्ष की महत्ता पर विशेष प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का आहवान किया कि इस वर्ष अध्ययन में सर्वोत्कृष्ट स्थान बनाने का संकल्प दृढ निश्चय के साथ करें। शिक्षिकाचावली चौधरी ने भी विचार व्यक्त किये।

# केलवा थाना पुलिस ने अवैध हथियार बरामद किए

**राजसमंद**,(नि.सं.)। जिले की केलवा थाना पुलिस ने एक बडी कार्रवाई करते हुए पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिनकी निशानदेही पर 6 पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सभी आरोपी आपराधिक किस्म के हैं और किसी बडी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

कार्यवाही करते हुए केलवा पुलिस ने अवैध हथियारों का जखीरा बरामद करते हुए आधा दर्जन हथियारों और तीन जिंदा कारतूस सहित पांच शातिर आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। एसपी जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अवैध हथियारों की धरपकड के तहत जारी आदेश पर कार्यवाही करते हुए केलवा थानाधिकारी संजय गुर्जर के नैतृत्व मे पुलिस को जरिये मुखबीर मिली सूचना के आधार पर दो आरोपीयों को पकडकर उनके साथियों की पतारसी की गई और मौके पर दबोचा गया। पांच अलग-अलग स्थानों पर दबिश के दौरान इनके कब्जे से विभिन्न हथियार और जिंदा कारतूस बरामद हुए है। गिरफ्तार हुए आरोपीयों का पुराना रिकोर्ड भी अपराधिक रहा है जिसमे से कुछ हत्या का प्रयास लूट और डकैती जैसी गंभीर वारदातों के आरोपी रह चुके है। बडी चोरियां और बडी लूट की वारदातों को भी अंजाम दे चुके है। पुलिस को आशंका है कि इतना बडा जखीरा लेकर ये आरोपी किसी बडी वारदात को अंजाम देने की तैयारी मे जुटे थे।

इसके अलावा ये आरोपी सोशियल मीडीया मे भी हथियारों के साथ फोटो का प्रदर्शनकर युवा पीढी को भी भ्रमित कर रहे थे। आरोपियों के पास से जब्त किये गये हथियारों मे कई विदेशी पिस्टल और कारतूसों के अलावा देशी कट्टे और मंहगे मोबाईल भी बरामद किये गये है। पुलिस आरोपीयों को अदालत मे पेशकर पीसी रिमांड की मांग करेगी। पुलिस को इनसे पूछताछ मे आसपास ईलाकें की कई अन्य बडी वारदातें भी खुलने की संभावना है।

### आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमों ने रखी नजर

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि डीएसपी नरेश कुमार शर्मा के सुपरविजन में केलवा थाना अधिकारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में टीम द्वारा सोशल मीडिया और मुखबिर तंत्र के जरिए अपराधियों पर नजर रखी जा रही थी। जो इलाके में किसी बडी वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने अपराधियों की धरपकड के लिए 5 विशेष टीमों का गठन किया।

### अलग-अलग स्थानों से आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

एसपी जोशी ने बताया कि गठीत की गई अलग-अलग टीमों में से कए टीम ने कार्यवाही करते हुए दुर्गाकुंड केलवा से उदयपुर जिले के डबोक थाना निवासी अमित कुमार के कब्जे से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक कार जब्त की। वहीं दूसरी टीम ने बागुदंडा रोड से जयपुर जिले के नरेला थाना निवासी आरिफ मोहम्मद को गिरफ्तार किया जिसकी निशानदेही पर एक पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी खमनोर थाने में सुनार से 1 किलो सोना और 20 किलो चांदी लूट प्रकरण में भी वांछित था। पुलिस की तीसरी टीम में उमराया बालाजी के पास कांकरोली थाना के माटा मोहल्ला निवासी रशीद मुसलमान को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक पिस्टल बरामद की है। आरोपी रशीद कांकरोली थाने का हिस्ट्रीशीटर है उस पर हत्या का प्रयास लूट समेत 15 प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस की अन्य टीम ने उदयपुर जिले के हाथीपोल थाने के हिस्ट्रीशीटर अंश गहलोत को चारभुजा रोड अंटालिया के पास से गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक देसी कट्टा और 32 बोर जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी पर उदयपुर के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरण में भी वांछित था। केलवा पुलिस की टीम ने जयपुर जिले के दूदू निवासी और वर्तमान में कांकरोली थाना क्षेत्र में रहने वाले राजू मंसूरी को गिरफ्तार किया। जिसके पास से दो पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी 2020 में दूदू थाना इलाके में 20 तोला सोना और आधा किलो चांदी की लूट के मामले में भी शामिल था, आरोपी पर टोंक जिले में मोबाइल की बैटरी चोरी के प्रकरण भी दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि सभी अपराधी राजसमंद जिले के केलवा और आमेट इलाके में सक्रिय थे जो किसी बडी वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने केलवा थाना अधिकारी संजय गुर्जर और उसकी टीम को इस बडी कार्यवाही की सफलता पर बधाई भी दी।

## लक्ष्मण मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता परवान पर

**डूंगरपुर**, (नि.सं.)। राजस्थान क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर के ऐतिहासिक लक्ष्मण मैदान पर दुधिया रोशनी में आयोजित डीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का इन दिनों जिले भर के क्रिकेट प्रेमियों पर रंग चढा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त तत्वावधान में दोपहर बाद शुरू होने वाले 20-20 लींग प्रतियोगिता का उत्साह चरम है। और इसी के तहत देर रात्रि तक क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह लक्ष्मण मैदान पर खिलाडियो ंकी हौसला अफजाई के साथ साथ भरपूर आनंद लेने में लगा हुआ है। वही जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुशील जैन के नेतृत्व में क्रिकेट प्रमियों को सीधा प्रसारण तक की व्यवस्था उपलब्ध करा कर शहर वासियो का दिल जीत लिया है।

रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता को देखने पुरूष, महिला व बच्चों के साथ साथ जिले के आला अधिकारी भी लक्ष्मण मैदान पहुंच रहे है।

लक्ष्मण मैदान में खेले जा रहे आईपीएल की तर्ज पर डीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरा में बेहद ही रोमांचक और सांस रोक लेना वाला मैच में डूंगरपुर ने सागवाडा को 2 रन से हराया। अंतिम क्षण तक दोनों ही टीमे मैच को जीतने के लिए संघर्ष करती देखी गई। इधर मैदान में मौजूद दर्शक भी जीत कर लिए अपनी अपनी टीम के लिए समर्थन करते हुए दिखे।

इससे पहले क्रिकेट मैच शुरू होने पर लक्ष्मण मैदान में जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया भी डे नाइट मैच देखने के लिए मैदान में पहुंचकर खिलाडियों ओर खेल प्रेमियों का हौसला अफजाई की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी डूंगरपुर की टीम ने 20 ओवर में 137 रन बनाए। इसमें सोहैल मामा ने 32, समर्पित जोशी ने 24 रन बनाए। सागवाडा की ओर से संस्कार ने 3,अभिषेक ओर यशवंत को एक-एक विकेट की सफलता मिली।

इसके जवाब में बल्लेबाजी करते हुए सागवाडा टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 135 रन ही बना सकी। इसमें सागर जोशी ने 38, एसएफ खान ने 26 रन बनाए। डूंगरपुर की ओर से संजय, हर्षित, सोहेल मामा ओर जिगर के एक-एक विकेट की सफलता मिली।

डूंगरपुर की टीम ने दो रन से मैच को जीत लिया। मैन ऑफ दी मैच सोहिल मामा रहे।

# आतिशी नजारों से सतरंगी हुआ आसमान

**राजसमंद**, (नि.सं.)। नगर परिषद और द्वारिकाधीश मंदिर के सान्निध्य में नव संवत्सर के अवसर पर बुधवार शाम को मंदिर के पास जलधरा घाट पर झील में दीपदान कार्यक्रम के साथ गणगौर महोत्सव 2023 का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही नववर्ष प्रतिपदा के मौके पर ही बालकृष्ण स्टेडियम में जोरदार आतिशबाजी से आसमान का नजारा सतरंगी हो गया। नगर परिषद की ओर से आयोजित गणगौर महोत्सव के तहत पहले दिन बुधवार शाम करीब 7 बजे द्वारकाधीश मंदिर के पास स्थित जलधरा घाट पर दीपदान के लिए शहरवासी महिला-पुरुषों की भीड उमडी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड, मंदिर अधिकारी भगवतीलाल पालीवाल, कार्यकारी अधिकारी विनीत सनाढ्य, नगर परिषद सभापति अशोक टांक और उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली के सान्निध्य में दीपदान के तहत श्रद्धालुओं ने लकडी से बनी छोटी-छोटी नावों पर बैठ कर आटे से बने दीपक एक-एक कर झील में छोडे तो झील का नजारा काफी आकर्षक दिखाई देने लगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए खूब जयकारे भी लगाए। जिससे वातारण भक्तिमय हो गया। दीपदान में नगर परिषद के महिला व पुरुष पार्षदों के साथ ही बडी संख्या में शहरवासियों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद गणगौर महोत्सव के पहले दिन रात करीब आठ बजे से बालकृष्ण स्टेडियम में आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ। जो करीब एक घण्टे से ज्यादा समय तक चलता रहा। इस दौरान शोरगरों ने जमीनी आतिशबाजी के साथ ही एक से बढकर एक हवाई आतिशी नजारे पेश किए तो स्टेडिमयम में मौजूद लोग आसमान की ओर निगाहें किए उन्हें अपलक निहारते ही रह गए। हवाई आतिशबाजी का यह सतरंगी नजारा न सिर्फ स्टेडियम में बल्कि शहर में भी दूरदराज से दिखाई दे रहा था। इसका शहरवासियों ने घरों की छतों पर खडे होकर भी भरपूर आनंद लिया। इस दौरान पार्षद हेमंत गुर्जर, दीपक जैन, हेमंत रजक, परसराम पोरवाड, राजकुमारी पालीवाल, हिमानी नंदवाना, मोनिका खटीक, सुमित्रा देवी नंदवाना, पुष्पा पोरवाड, शालिनी कच्छावा, पूजा प्रजापत, फुलेश खत्री, दीपिका कुमावत, तरूणा कुमावत सहित बडी संख्या में पार्षद एवं विशिष्टजन मौजूद रहे।

गणगौर मेले को लेकर बालकृष्ण स्टेडियम में अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें सजा दी है तो कुछ दुकानदार अब भी दुकानों को तैयार करने में लगे हैं। वहीं डोलर-चकरी और झूले आदि भी लग चुके हैं। ऐसे में पहले दिन आतिशबाजी का नजारा लेने पहुंचे शहरवासियों ने मेले का भी भ्रमण किया और खरीददारी भी की।

मेले में दूसरे दिन गुरुवार को सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कलाकारों एवं विद्यालय के बच्चे गीत, कविता, नृत्य आदि की प्रस्तुतियां देंगे

महोत्सव के तहत तीसरे दिन शुक्रवार को द्वारिकाधीश मंदिर से धूमधाम के साथ परंपरागत रूप से चूंदडी गणगौर की सवारी निकाली जाएगी। इसके साथ ही रात को सांस्कृतिक मंच पर भक्ति संध्या होगी। इसमें जयपुर की गायिका सुरभि चतुर्वेदी भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से भक्तिरस की वर्षा करेंगी। वहीं सुरलहरी के नाम से प्रसिद्ध जिले के गायक लेहरुदास भी भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। इनके साथ ही कलाकार विभिन्न झांकियों की प्रस्तुतियां भी देंगे।

# डूंगरपुर में15 मिनट तक वर्षा

**डूंगरपुर**, (नि.सं.)। डूंगरपुर में दो दिन बाद गुरूवार को एक बार फिर मौसम में बदलाव आया और दोपहर करीब 12.3० बजे 15 मिनट तक बरसात हुई और फिर धूप खिल गई।

हालांकि बादल छाए रहने और हवा चलने से मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश की बाद एक बार फिर किसानों की चिंता बढ गई है।

डूंगरपुर में सुबह से ही बादल छाए हुए थे। दिन चढने के साथ ही तेज धूप के कारण गर्मी का असर बढा गया। दोपहर करीब 12.3० बजे अचानक मौसम ने करवट ली और घनघोर काले बादल छा गए।

हवा चलने लगी और फिर बादलों की गर्जना के साथ ही पहले बूंदाबांदी शुरू हो गई।

कुछ देर बाद ही तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब 15 मिनट तक हुई तेज बरसात से सडकों पर पानी बहने लगा। इसके बाद बारिश थम गई। हालांकि बादल छाए रहने और हवा चलने से मौसम ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

# मृदंग 2023 का समापन

**उदयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय के सभागर में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम मृदंग 2023 का समापन बुधवार को हुआ।

समापन कार्यक्रम कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं सीए डॉ. श्याम एस. सिंघवी, विशिष्ट अतिथि डॉ. निरव हिंगड़, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्राचार्य प्रो. सुमन पामेचा, के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

आयोजन सचिव डॉ. हेमेन्द्र चौधरी ने बताया कि राजस्थानी रिमिक्स, रंगोली, वाद विवाद, आशुभाषण, एकल गायन, एकल नृत्य, समुह नृत्य, मेहंदी, केट वॉक प्रतियोगिता के साथ साथ विद्यार्थियों ने पंजाबी रिमिक्स गानों पर जमकर प्रस्तुतियॉ दे अतिथियो का मन मोह लिया। दो दिवसीय समारोह में मयंक सुखवाल मिस्टर, यानू चौबीसा मिस मृदंग 2023 चुने गये।

तेजेन्द्र सिंह, हिमांशी चौहान रनरअप रहे। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि खेल एवं संगीत के माध्यम से कोई भी व्यक्ति रातो रात स्टार बन सकता है, आवश्यकता है निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ इस क्षेत्र में उतरने की। इसके माध्यम से आमजन को अपनी ओर आकर्षित कर सकते है। आज के समय में युवा को हर विधा में पारंगत होना आवश्यक है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने पंजाबी गाना गाकर सभी का मन मौह लिया।

दो दिवसीय समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता हुई जिसमें काव्य पाठ में मयंक सुखवाल – प्रथम, तेजेन्द्र सिंह – दूसरे, यानू चौबीसा तीसरे, आशुभाषण में तेजेन्द्र सिंह प्रथम, यानू चौबीसा, दिपेश चतुर्वेदी द्वितिय ,मयंक सुखवाल तीसरे, पोस्टर मेकिंग में भूमिका बंदवाल प्रथम, आशी राजोरा द्वितिय, सोनू मीणा तृतीय, कोलाज प्रतियोगिता में गगन दीप सिंह, रोनक वीर प्रथम, चेतना वैष्णव द्वितिय, हिमांशी चौहान तृतीय, रंगोली में मेघा मीणा , यानू चौबीसा, हिना कोहेड प्रथम, हिमांशी द्वितिय, पायल वेद तृतीय, मेहंदी में हिमांशी चौहान, मेघा मीणा द्वितिय, चेतना वैष्णव, यानू चौबीसा तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में मयंक सुखवाल प्रथम, अंजु गुप्ता , यामिनी दशोरा द्वितिय, आशी राजोरा, ज्योति जोशी तृतीय, कप प्लेट प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, मयंक, तेजेन्द्र द्वितिय, हिमांशु तृतीय, बिन्दिया लगाने में हिमांशी चौहान प्रथम, पूजा सोनी द्वितिय, यामिनी तृतीय, पिन एवं रबड़ चेन प्रतियोगिता में हिमांशी चौबीसा प्रथम, यानु चौबीसा, पूजा सोनी द्वितिय, हिमांशु तृतीय, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में शबा खान प्रथम, मयंक सुखवाल द्वितिय, संगीता डामोर, तेजेन्द्र सिंह तृतीय, एकल नृत्य पुष्कर चौधरी, गुंजन राणावत प्रथम, प्रिया सुथार द्वितिय, मयंक सुखवाल तृतीय, समूह नृत्य हिमांशी, यामिनी दशोरा प्रथम, मयंक सुखवाल, बरखा भाणावत द्वितिय, मयंक सुखवाल, आयुश पंचाल तृतीय स्थान पर पर रहे।

सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। योग समन्वयक डॉ. दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

संचालन डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. ममता पानेरी ने किया जबकि आभार डॉ. धमेन्द्र राजौरा ने दिया।

समारोह में डॉ. शारदा भटट्, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, आशीष नंदवाना, आरीफ, डॉ. आमोश मीणा, डॉ. पायल खण्डेलवाल, डॉ. नुरजत सादडीवाला, डॉ. ममता पुर्बिया, डॉ. कुसुमलता टेलर ने निर्णायक की भूमिका रही।

## बार परिसर में आतिशबाजी की

**राजसमंद**, (नि.संत्र)। विधानसभा में अधिवक्ताओं की मांग वाले 3 बडे बदलाव के साथ अधिवक्ता संरक्षण विधेयक 2023 पास किए जाने पर बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं ने बार परिसर में आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह राठौड ने विधानसभा में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पास किए जाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो कि राजस्थान संपूर्ण देश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने वाला प्रथम राज्य बन गया है।

बार एसोसिएशन कुंवारिया ने विधानसभा में राज्य सरकार के अधिवक्ता सरंक्षण अधिनियम को पारित करने पर बुधवार को कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर जोरदार आतिशबाजी कर व मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त कर आभार जताया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष रतनसिंह रावत, पूर्व अध्यक्ष महेश सेन, सरंक्षक गोपाल आचार्य,उपाध्यक्ष दिनेश पंचोली, अनुभव सनाढ्य, जीवनसिंह रावत, सुरेशसिंह रावत, सुगना देवी खटीक, पन्ना लाल पूर्बिया, प्रहलाद सालवी,गणपत सिंह, निर्मला प्रजापत सहित अधिवक्ता उपस्थित थे।

# परम्परागत जल स्त्रोतों को सहेजना जरूरी : जिला प्रमुख चौधरी

**राजसमंद**, (नि.सं.)। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जिला परिषद् सभागार में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व भूजल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं की कार्यशाला व जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विचार व्यक्त करते हुए जिला प्रमुख रतनी देवी चौधरी ने बताया कि जल को बचाने से ही जीवन बचेगा, जिसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

एसपी सुधीर जोशी ने कार्यशाला की द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत की। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण में आमजन की सहभागिता अति आवश्यक है। हर व्यक्ति जल के संरक्षण में योगदान करें व भूजल पुर्नभरण के लिए सजगता से कार्य करें। अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारी संदीप जैन ने योजना की प्रगति तथा विभागों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। अधीक्षक भूजल वैज्ञानिक अरूण कुमार जैन ने जिले में किये जा रहे जल संरक्षण कार्यो के बारे में जानकारी प्रदान की। विधिक प्राधिकरण सचिव मनीष वैष्णव ने प्राचीन समय से चली आ रही जल संरक्षण व्यवस्था व दैनिक जीवन में जल संचय की आदतों को विकसित करने के लिए विस्तृत अनुभव साझाकर विचार व्यक्त किए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष व बिसूका उपाध्यक्ष हरिसिंह राठौड ने जिले में पर्यावरण स्थिति, जल संरक्षण कार्यों व सभी की सहभागिता करने तथा जन प्रतिनिधियों के क्षत्र के विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों पर विचार व्यक्त किए।

एडीएम रामचरण शर्मा ने बताया कि जल संरक्षण व जल बचत बडा पुण्य का कार्य है। जिसके बिना जीवन संभव नहीं होता है। एसीईओ भुवनेश्वर सिंह चौहान ने राजस्थान की भौगोलिक स्थिति का वर्णन करते हुए मेवाड व मारवाड में परम्परागत जल संरक्षण कार्यो के बारे में बताते हुए कहा कि ग्रामीण समुदाय व बुजुर्गो के अनुभव का लाभ लेते हुए सरकार की सभी योजनाओं का समन्वय करते हुए जन प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम को जल साक्षर बना आत्मनिर्भर पेयजल प्रबन्धन के लिए कार्य किए जाने पर जानकारी दी। अधिशाषी अभियन्ता विरेन्द्र धनावत ने जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के किए जा रहे एमपीटी, सीसीटी व जलग्रहण विकास कार्यो के बारे में जानकारी प्रदान की। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत ग्राम जल स्वच्छता समिति के माध्यम से ग्रामीण पेयजल प्रबन्धन के लिए किये जा रहे कार्यो, हर घर नल हेतु स्वीकृत योजनाओं व वर्षा जल प्रबन्धन में आमजन की सहभागिता बढाने के लिए एचआरडी सलाहकार शुभम बागोरा ने जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में उप जिला प्रमुख सोहनी देवी एवं जिला परिषद् सदस्य लेहरूलाल अहीर ने भी जल संचय पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान अधीक्षण अभियन्ता शिवदयाल मीना, अधिशाषी अभियन्ता लालसिंह मीणा, वीरेन्द्र धनावत, सहायक अभियन्ता राजन साहु, गुप्तसिंह जाटव, विनीता शर्मा, राजीविका डीजीएम डॉ सुमन अजमेरा, कृषि विभाग के संतोष दुरीया, कृषि पर्यवेक्षक लोभचन्द्र, हनुवन्त सिंह सहित संभागी मौजूद थे। संचालन लेखाकार केशव सांचीहर ने किया।

देलवाडा कस्बे में बुधवार को विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में अमृत सरोवर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत इंद्र कुंड स्थित कुंड पर श्रमदान किया गया। लोगों ने कहा कि हमे अपने आस पास के कुंड, बावडी व तालाब आदि को स्वच्छ रखना चाहिए। पानी को दूषित होने से बचाना चाहिए। सरपंच मांगीलाल कटारिया, ग्राम विकास अधिकार जितेन्द्र सिंह झालाए वार्डपंच अर्पित राज सिंह सोलंकी, कनिष्ठ लिपिक मनीष चोबीसा, रोजगार सहायक रिजवान खान, डुले सिंह, देवा गमेती, अशलम खां, अनिल कुमार सोनी, पूरण मेवाडा, मनीषा सेन, दुर्गा डांगी आदि उपस्थित थे।


# कार्यालय नगर पालिका भीण्डर जिला- उदयपुर ( राज. )

क्रमांक: न.पा.भी./PSKS-2021/2023-24/4077 दिनांक: 22.3.23

## -: उजरदारी सूचना :-

सर्व साधारण को सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि कार्यालय नगर पालिका भीण्डर में निम्न व्यक्तियों द्वारा राजस्थान स्ट्टे ग्रान्ट एक्ट 1961/राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-ए के तहत् पुरानी आबादी में निर्मित भवन/मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा स्वंय एंव आस पड़ोस के व्यक्तियों के शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः आवेदक की सम्पति के हक हकुक एवं मालिकाना स्वत्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथी से 07 दिन में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत कर देवे।। आपत्ति समयावधि के बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा पालिका द्वारा नियमानुसार पट्टा जारी किया जावेगा। जिसमें बाद में कोई उजर मान्य नहीं होगा। पट्टा जारी की जाने वाली पैतृक सम्पत्ति का विवरण निम्नानुसार है –

| क्रस. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति स्थान | आवेदित भुखण्डका माप | पडोस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री महावीर पिता स्व. श्री तेजपाल जैन | नागदो का मोहल्ला, श्री नाथ जी की गली वार्ड नं. 03 भीण्डर | 1088.83 वर्गफीट | पूर्वः- श्री हीलाल जी नागदा का मकान<br>पश्चिमः- श्री भगवाती लाल जी नागदा का मकान<br>उत्तर :- आम रास्ता<br>दक्षिण :- श्री वेणी चन्द्र जी नागदा जैन का मकान |
| 2. | श्री बगदी लाल पिता तेजपाल जी जैन नागदा | चान्दपोल के अन्दर पीर बावजी के पास वार्ड न. 01 भीण्डर | 1295.75 वर्गफीट | पुर्व :- आम रास्ता<br>पश्चिम :- श्री सुमती प्रकाश जैन नागदा का मकान<br>उत्तर :- श्री धनराज जी नागदा का मकान |
| 3. | श्री प्रतापमल गांछा पिता स्व. श्री धूलचन्द्र जी गांछा | गांछो का मोहल्ला, वार्ड नं. 16 भीण्डर | 297.688 वर्गफीट | पुर्व :- स्व. श्री तनसुख जी जैन का मकान<br>पश्चिम :- आम रास्ता<br>उत्तर :- श्री उंकारलाल जी गांछा का मकान<br>दक्षिण :- श्री पूरणमल जी गांछा का मकान |
| 4. | श्री नटवर लाल पिता स्व. श्री रामनारायण जी सोनी | साठड़िया बाजार भीण्डर | 250.07 वर्गफीट | पुर्व :- श्री गोटुलाल लाल व सोहन लाल जी जैन का मकान<br>पश्चिम :- साठड़िया बाजार आम रास्ता<br>उत्तर :- श्री चान्दमल जी पिता मांगी लाल जी जैन का मकान<br>दक्षिण :- श्री गोटुलाल लाल व सोहन लाल जी जैन का मकान |
| 5. | श्री सुरजमल जैन पिता श्री मांगी लाल जैन | शाह जी की गली वार्ड न. 12 भीण्डर | 428 वर्गफीट | पुर्व :- श्री सुमतिलाल जैन का मकान<br>पश्चिम :- श्री नेमी चन्द्र जी लिखमावत का मकान<br>उत्तर :- श्री सुन्दर लाल जी भादावत का मकान<br>दक्षिण :- आवागमन का आम रास्ता शाह जी की गली |
| 6. | श्री महावीर प्रसाद जैन पिता श्री मांगी लाल जैन | शाह जी की गली वार्ड न. 12 भीण्डर | 349.73 वर्गफीट | पुर्व :- श्री विनोद सिंह लिखमावत का मकान<br>पश्चिम :- श्री नेमी चन्द्र जी लिखमावत का मकान<br>उत्तर :- श्री सुन्दर मल जी लिखमावत का मकान<br>दक्षिण :- आवागमन का आम रास्ता शाह जी की गली |
| 7. | श्री सुमतीलाल जैन पिता श्री मांगी लाल जैन | शाह जी की गली वार्ड न. 12 भीण्डर | 467.05 वर्गफीट | पुर्व :- श्री विनोद जी लिखमावत का मकान<br>पश्चिम :- श्री सुरजमल जैन का मकान<br>उत्तर :- स्व. श्री सुन्दर लाल जी भादावत का मकान<br>दक्षिण :- आवागमन का आम रास्ता शाह जी की गली |
| 8. | श्री सुमती लाल जैन पिता श्री मांगी लाल जैन | गिरवर पोल चौराया, कालिका माता रोड़ भीण्डर | 945 वर्गफीट | पुर्व :- श्री महावीर कण्ठालीया का भूखण्ड<br>पश्चिम :- कालिका माता रोड़<br>उत्तर :- आवागमन का आम रास्ता<br>दक्षिण :- भोई समाज का पंचायती नोहरा व श्री भागचन्द्र जी भोई की दुकान |
| 9. | श्री भगवती लाल पिता श्री वाला जी मीणा | सुख सागर विहार वार्ड न. 24 भीण्डर | 1996 वर्गफीट | पुर्वः- भूखण्ड संख्या 10 का शेष भाग<br>पश्चिम :- डीसीबी टाउन प्लानर्स प्रा.लि. का भूखण्ड<br>उत्तर :- अन्य की कृषि भूमि<br>दक्षिण :- कालोली का रास्ता |
| 10. | श्रीमती लाली बाई पत्नि स्व. उदयलाल रेगर | रेगर मोहल्ला, रामदेव मंदिर के पास वार्ड न. 16 भीण्डर | 180.5 वर्गफीट | पुर्वः- आम रास्ता<br>पश्चिम :- स्व. श्री डाल चन्द्र जी रेगर का मकान<br>उत्तर :- श्री ललित जी रेगर का मकान<br>दक्षिण :- रास्ता |
| 11. | श्री राय सिंह शक्तावत पिता स्व. श्री मान सिंह जी शक्तावत | पुर्बियों का मोहल्ला, भीण्डर | 1497.88 वर्गफीट | पुर्वः- श्री पुष्पेन्द्र सिंह शक्तावत का मकान व खुला भाग<br>पश्चिम :- श्री नरेन्द्र पाल सिंह जी शक्तावत का मकान व खुला भाग<br>उत्तर :- आवागमन का आम रास्ता<br>दक्षिण :- श्री राजेश जी कलामत का मकान |
| 12. | श्री सुनिल कुमार नागोरी पिता श्री बाबुलाल जी नागोरी | स्टेशन चौराहे के पास वार्ड न. 24 भीण्डर | 4050 वर्गफीट | पुर्व :- आम रास्ता कालोनी का<br>पश्चिमः- मुख्य उदयपुर नीमच रोड<br>उत्तर :- श्री देवी लाल जी व श्रीमती वरदी बाई पत्नि उकार जी जाट की जायदाद<br>दक्षिण :- श्री नन्दलाल पिता चुन्नीलाल जी अहीर का भवन एवं खुला भाग |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका भीण्डर